भारत सरकार

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1531

(दिनांक 12.12.2025 को उत्तर देने के लिए)

प्रसार भारती के एआई-बैंड त्रिलोक का बौद्धिक संपदा अधिकार

1531. श्री एस. निरंजन रेड्डी:

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या प्रसार भारती ने आकाशवाणी, दूरदर्शन और इसके ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्स पर कंटेंट प्रसारित करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) द्वारा निर्मित संगीत बैंड "त्रिलोक" के साथ साझेदारी की है;

(ख) यदि हाँ, तो बजट की राशि, आज की तिथि तक का व्यय और आवर्ती वार्षिक खर्च के प्रति प्रतिबद्धता के ब्यौरे सहित इस साझेदारी के लिए कितनी धनराशि आवंटित की गई है;

(ग) संगीत, स्वर, गीत के बोल और दृश्य उत्पन्न करने के लिए उपयोग किए गए कृत्रिम बुद्धिमता मॉडल या उपकरणों का ब्यौरा क्या है और क्या इनका लाइसेंस प्राप्त किया गया था या ये इन हाउस विकसित किये गए थे;

(घ) क्या प्रयुक्त प्रशिक्षण डेटा उचित रूप से लाइसेंस प्राप्त है; और

(ङ) रचनाकारों के बौद्धिक संपदा अधिकारों की रक्षा के लिए क्या रक्षोपाय मौजूद हैं?

उत्तर

सूचना और प्रसारण एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री

(डॉ. एल. मुरूगन)

(क) से (ङ): प्रसार भारती ने आकाशवाणी, दूरदर्शन या अपने ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्स पर सामग्री प्रसारित करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई)-सृजित म्यूज़िक बैंड “त्रिलोक” के साथ कोई साझेदारी या करार नहीं किया है।

इस वर्ष दुर्गा नवरात्रि उत्सव के दौरान कुछ एआई-सृजित भक्ति गीत वेव्स ओटीटी प्लेटफॉर्म सहित प्रसार भारती नेटवर्क पर प्रसारित किए गए थे। यह प्रायोगिक तौर पर बिना किसी वित्तीय या आवर्ती प्रतिबद्धता के साथ किया गया था।

***